Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need for revival of water ponds for use of the animals.

श्री संजय भाटिया (करनाल): माननीय अध्यक्ष जी, आपने मुझे अविलंबनीय लोक महत्व के विषय पर बोलने का मौका दिया, उसके लिए मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूँ। मैं बहुत महत्वपूर्ण गंभीर समस्या की ओर आपका ध्यान दिलाना चाहता हूँ। पहले के समय में गाँव में बारिश के पानी से तीन-चार तालाब भरे होते थे और वह पानी पशुओं के पीने के काम भी आता था, लेकिन कुछ समय से जब हम थोड़े मॉर्डन होते चले गए, समझदार होते चले गए तो हमने उन तालाबों का अतिक्रमण शुरू कर दिया। चूंकि हम सब्मर्सिबल लगाते हैं और सीवरेज का पानी 24 घंटे नालियों में बहता है और उन तालाबों में जाता है। आज वह पानी पीने लायक नहीं रहा है, पशुओं के लायक भी नहीं रहा है।

मैं माननीय अध्यक्ष जी के माध्यम से सरकार का ध्यान और जल शक्ति मंत्रालय का ध्यान दिलाना चाहूंगा कि उसका पुनरुद्धार करके उसे पशुओं के पीने लायक बनाएं। आज ग्राउंड वाटर बहुत नीचे चला गया है। उसको रिचार्ज करेंगे और उसके लिए अवेयरनेस केम्पेन भी चलाएंगे तो मैं समझता हूं कि समाज के लिए यह बहुत भले का काम होगा।

माननीय अध्यक्ष : श्री कुलदीप राय शर्मा को श्री संजय भाटिया द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।